उत्तर प्रदेश शासन

नियोजन अनुभाग-1

संख्या: 32 /2020/10पू0वि0बो0/35-1-2020-8/1(11)/2018

लखनऊ: दिनांक : 29 अप्रैल, 2020

<u>कार्यालय-ज्ञाप</u>

पूर्वान्चल क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को गति देने के लिये नियोजन अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या: 32/2018/148 बी.पी./35-1-2018-8/1(11)/2018 दिनांक 28 दिसम्बर, 2018 द्वारा पूर्णतया परामर्शी संस्था के रूप में पूर्वान्चल विकास बोर्ड गठित किया गया है। उक्त कार्यालय ज्ञाप द्वारा गठित बोर्ड में निम्नलिखित पद को सम्मिलित करने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(1) सलाहकार -- 01 (अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने का पर्याप्त विशिष्ट अनुभव रखने वाले ख्याति प्राप्त विशेषज्ञ को मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा नामित किया जायेगा।)

(2) संयोजक -- मण्डलायुक्त, गोरखपुर मण्डल, गोरखपुर (पूर्वान्चल विकास बोर्ड के क्रिया-कलापों हेतु समस्त विभागों से समन्वय स्थापित करने तथा अन्य आवश्यक कार्यो हेतु)

2- मा0 मुख्यमंत्री जी की अनुमति से बोर्ड के स्वरूप/क्रियाकलापों में यथावश्यक संशोधन/ परिमार्जन किया जा सकेगा।

3- पूर्वान्चल विकास बोर्ड में सलाहकार का पद दिनांक 04 नवम्बर, 2019 से सम्मिलित माना जायेगा। अत: नियोजन अनुभाग-1 के कार्यालय-ज्ञाप संख्या-818/35-1-2019-8/1(11)/2018 दिनांक 04 नवम्बर, 2019 द्वारा श्री साकेत मिश्र को पूर्वान्चल बोर्ड में सलाहकार के पद पर नामित किए जाने की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की जाती है।

4- पूर्वान्चल विकास बोर्ड के गठन से संबंधित कार्यालय ज्ञाप संख्या: 32/ 2018/148 बी.पी./35-1-2018-8/1(11)/2018 दिनांक 28 दिसम्बर, 2018 इस सीमा तक संशोधित समझा जाय।

कुमार कमलेश

अपर मुख्य सचिव।

shasanadesh.up.gov.in

संख्या: 32 /2020/10पू0वि0बो0(1) /35-1-2020, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- पूर्वांचल विकास बोर्ड के मा0 उपाध्यक्ष/सलाहकार/सदस्य/विशेष आमंत्री।

2- महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।

3- निजी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0।

4- निजी सचिव, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।

5- समस्त विभागों के अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव/ सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।

6- मण्डलायुक्त गोरखपुर मण्डल, गोरखपुर।

7- निदेशक,क्षेत्रीय नियोजन प्रभाग,राज्य नियोजन संस्थान,उ0प्र0, कालाकांकर भवन, लखनऊ।

8- नियोजन विभाग/ राज्य योजना आयोग के समस्त अधिकारी/ अनुभाग।

9- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(आर0एन0एस0 यादव)
विशेष सचिव।

shasanadesh.up.gov.in